EDUCATION POINT BHOPAL

**Code No.** **66/2**
**कोड नं.**

- Please check that this question paper contains 5 printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains 25 questions.
- Please write down the serial number of the question before attempting it.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 5 हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में 25 प्रश्न हैं।
- कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

# BUSINESS STUDIES
# व्यावसायिक अध्ययन

*Time allowed : 3 hours* *Maximum Marks : 100*
*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

(i) *Answers to questions carrying **2 - 3** marks should not exceed **30 - 40** words.*

(ii) *Answers to questions carrying **4 - 5** marks should not exceed **60 - 80** words.*

(iii) *Answers to questions carrying **6** marks should not exceed **100** words.*

(iv) *Attempt all parts of a question together.*

***सामान्य निर्देश :***

(i) ***2 - 3** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **30 - 40** शब्दों से अधिक न हों।*

(ii) ***4 - 5** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **60 - 80** शब्दों से अधिक न हों।*

(iii) ***6** अंकों वाले प्रश्नों के उत्तर **100** शब्दों से अधिक न हों।*

(iv) *किसी प्रश्न के सभी भाग साथ-साथ ही हल कीजिए।*

**1.** How does marketing help an enterprise to establish a place in the market ? 2

विपणन, बाज़ार में किसी उद्यम को स्थान स्थापित करने में किस प्रकार सहायता करता है ?

**2.** What is meant by 'selling concept of marketing' ? 2

'विपणन की बिक्री अवधारणा' से क्या आशय है ?

**3.** State any two functions of lower-level management. 2

निम्न-स्तरीय प्रबन्ध के कोई दो कार्य बताइए।

**4.** What is meant by 'political environment' of business ? 2

व्यवसाय के 'राजनैतिक वातावरण' से क्या आशय है ?

**5.** Enumerate any two features of directing. 2

निर्देशन की किन्हीं दो विशेषताओं की गणना कीजिए।

**6.** "Managerial functions cannot be carried out without an efficient system of communication." Do you agree ? Give any three reasons is support of your answer. 3

"प्रबन्धकीय कार्यों को बिना कुशल सम्प्रेषण प्रणाली के नहीं चलाया जा सकता।" क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई तीन कारण दीजिए।

**7.** Enumerate any three product related factors that should be taken into consideration while taking a decision on the choice of channel of distribution for any product. 3

किसी उत्पाद के लिए वितरण माध्यम का चुनाव करते समय जिन उत्पाद सम्बन्धी घटकों को ध्यान में रखना चाहिए उनमें से किन्हीं तीन की गणना कीजिए।

**8.** State any three features of public relations. 3

जन-सम्पर्क की कोई तीन विशेषताएँ बताइए।

**9.** An organisation follows the principles of management. What are the positive effects of each of the following principles of management on the organisation : 3

(i) Scalar chain

(ii) Equity

(iii) Division of work

एक संगठन, प्रबन्ध के सिद्धान्तों का पालन करता है। संगठन पर प्रबन्ध के निम्नलिखित प्रत्येक सिद्धान्त का अनुकूल प्रभाव क्या होता है :

(i) सोपान शृंखला

(ii) समानता

(iii) कार्य विभाजन

**10.** Why is leadership considered as the most important element of directing function of management ? Give any three reasons. 3

नेतृत्व प्रबन्ध के निर्देशन कार्य का सबसे महत्त्वपूर्ण तत्त्व क्यों समझा जाता है ? कोई तीन कारण दीजिए।

**11.** The workers of a factory are demanding the introduction of time-wage system in place of the existing piece-rate system of wage payment. The management is not prepared to accept this demand of the workers. Why, in your opinion, is the management opposing this demend ? Explain in brief any four reasons. 4

किसी कारखाने के श्रमिक वर्तमान कार्यानुसार मज़दूरी भुगतान प्रणाली के स्थान पर समयानुसार मज़दूरी भुगतान की प्रणाली को लागू करने की माँग कर रहे हैं। परन्तु प्रबन्ध श्रमिकों की इस माँग को मानने के लिए तैयार नहीं है। आपके विचार में प्रबन्ध इस माँग का विरोध क्यों कर रहा है ? कोई चार कारण संक्षेप में समझाइए।

**12.** Distinguish between the features of National Stock Exchange of India (NSEI) and Over the Counter Exchange of India (OTCEI) on the basis of (i) size of company, (ii) securities traded, (iii) settlement, and (iv) objective. 4

(i) कम्पनी का आकार, (ii) लेन-देन होने वाली प्रतिभूतियाँ, (iii) निपटारा, एवं (iv) उद्देश्य के आधार पर भारत का राष्ट्रीय शेयर बाज़ार (एन.एस.ई.आई.) तथा ओवर दी काउन्टर एक्सचेन्ज ऑफ इण्डिया (ओ.टी.सी.ई.आई.) की विशेषताओं में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**13.** "In today's commercial world, the stock exchange performs many vital functions." Do you agree ? Give any four reasons in support of your answer. 4

''आज के वाणिज्यिक जगत् में, शेयर बाज़ार (स्कंध विपणि) अनेक महत्त्वपूर्ण कार्य करता है।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई चार कारण दीजिए।

**14.** Describe, in brief, Taylor's principles of (i) co-operation, not individualism, and (ii) maximum, not restricted output. 4

टेलर के सिद्धान्तों (i) सहयोग, न कि व्यक्तिवाद, एवं (ii) अधिकतम, न कि सीमित उत्पादन, का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

**15.** Define the term 'Organising' and enumerate the steps involved in the process of organising . 4

'संगठन' शब्द की परिभाषा दीजिए तथा संगठन प्रक्रिया में निहित चरणों की गणना कीजिए।

**16.** "Controlling helps in financial matters and maintaining and improving quality." Explain this statement, in brief. 5

''नियन्त्रण वित्तीय मामलों तथा गुणवत्ता को बनाए रखने एवं सुधारने में सहायता करता है।'' इस कथन की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**17.** Explain briefly any five points of importance of financial planning. 5

वित्तीय नियोजन के महत्त्व के किन्हीं पाँच बिन्दुओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**18.** You have joined as a finance advisor in a company and found that the company was under-capitalised. The directors of the company do not agree with you as they are ignorant about the meaning of under-capitalisation. Explain to them the meaning of 'under-capitalisation' and convince them by giving four reasons in support of your viewpoint. 5

आपने किसी कम्पनी में वित्त सलाहकार के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है तथा आपको पता चला कि कम्पनी अल्प-पूँजीकृत है। कम्पनी के निदेशक आपसे सहमत नहीं हैं क्योंकि वे अल्प-पूँजीकरण के अभिप्राय से अनभिज्ञ हैं। उन्हें 'अल्प-पूँजीकरण' का अर्थ समझाइए तथा उन्हें अपने दृष्टिकोण के समर्थन में चार कारण देते हुए विश्वास दिलाइए।

**19.** "Management is regarded as a perfect science." Do you agree ? Explain in brief any five reasons. 5

''प्रबन्ध को पूर्णरूपेण विज्ञान की भाँति समझा जाता है।'' क्या आप सहमत हैं ? संक्षेप में कोई पाँच कारण समझाइए।

**20.** Explain briefly any five negative impacts of liberalisation and globalisation on business and industry in India. 5

उदारीकरण एवं विश्वीकरण के भारत में व्यवसाय तथा उद्योग पर प्रतिकूल प्रभावों में से कोई पाँच प्रभावों को संक्षेप में समझाइए।

**21.** Explain the major activities involved in physical distribution of goods. 6

**OR**

You are the advertising manager in a company manufacturing coloured television sets. Which media would you choose for advertising your product ? Explain briefly any five reasons in support of your answer.

वस्तुओं के भौतिक वितरण में निहित मुख्य क्रियाओं की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

आप किसी कम्पनी में, जो रंगीन टेलीविजन का निर्माण करती है, विज्ञापन प्रबन्धक हैं। अपने उत्पाद के विज्ञापन हेतु आप कौनसा माध्यम चुनेंगे ? अपने उत्तर के समर्थन में कोई पाँच कारण संक्षेप में समझाइए।

**22.** Explain, in brief, any six reasons as to why consumer protection is needed in India. 6

**OR**

Explain, in brief, any six responsibilities of consumers to safeguard their interests.

ऐसे किन्हीं छः कारणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए जिनके कारण भारत में उपभोक्ता संरक्षण की आवश्यकता है।

**अथवा**

अपने हितों की सुरक्षा हेतु उपभोक्ताओं के किन्हीं छः उत्तरदायित्वों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**23.** Explain, in brief, any six limitations of planning. 6

**OR**

"Planning is of vital importance in the managerial process." Do you agree ? Explain in brief any five reasons in support of your answer.

नियोजन की किन्हीं छः सीमाओं की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

''नियोजन का प्रबन्धकीय प्रक्रिया में महत्त्वपूर्ण स्थान है।'' क्या आप सहमत हैं ? अपने उत्तर के समर्थन में किन्हीं पाँच कारणों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**24.** Why is staffing an important function of management in all organisations ? Explain, in brief, any six reasons. 6

**OR**

Explain, in brief, any six external sources of recruitment of employees.

सभी संगठनों के नियुक्तिकरण प्रबन्ध का एक महत्त्वपूर्ण कार्य क्यों है ? कोई छः कारण संक्षेप में समझाइए।

**अथवा**

कर्मचारियों की भर्ती के किन्हीं छः बाह्य स्रोतों की संक्षेप में व्याख्या कीजिए।

**25.** Distinguish between formal and informal organsiations on the basis of (i) Communication, (ii) Flow of authority, (iii) Tenure, (iv) Leadership, (v) Durability, and (vi) Interdependence. 6

**OR**

Delegation of authority is based on the elementary principle of division of labour." Explain this statement.

(i) सम्प्रेषण, (ii) अधिकार का प्रवाह, (iii) कार्यकाल, (iv) नेतृत्व, (v) टिकाऊपन, एवं (vi) एक दूसरे पर निर्भरता, के आधार पर औपचारिक तथा अनौपचारिक संगठनों में अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

''अधिकार अन्तरण, श्रम विभाजन के मौलिक सिद्धान्त पर आधारित है।'' इस कथन की व्याख्या कीजिए।

Submitted By:--

H. K. SONI

MOB:-- 9893155090